दिनांक 1 मई 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पावर हाउस सुभाष मार्केट को सुव्यवस्थित करने अतिरिक्त निर्माण पर हुई कार्यवाही , व्यवसायियों ने भी किया सहयोग

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पावर हाउस सुभाष फल एवं सब्जी मार्केट में व्यवसायियों द्वारा अतिरिक्त निर्माण किए हुए टीन , शेड, चबूतरा आदि को हटाने का कार्य आज किया गया! लॉक डाउन के दौरान पावर हाउस फल एवं सब्जी मार्केट को अन्य स्थलों पर शिफ्ट किया गया है ताकि भीड़ को नियंत्रित कर सोशल डिस्टेंस मेंटेन किया जा सके! जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 महेंद्र पाठक एवं जोन के राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर की अगुवाई में आज पावर हाउस सुभाष सब्जी एवं फल मार्केट में अतिरिक्त अतिक्रमण के विरुद्ध तोड़फोड़ की कार्यवाही व्यापारियों के सहयोग से की गई कुछ व्यवसायियों ने स्वयं से ही अतिरिक्त निर्माण को हटा लिया! पावर हाउस सुभाष फल एवं सब्जी मार्केट सकरी होने के कारण वहां पर सब्जी एवं फल लेने वाले लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है ! चारों तरफ से आने एवं जाने का रास्ता इस मंडी में है परंतु व्यवसायियों द्वारा अतिरिक्त निर्माण किए जाने के कारण बाजार सघन हो गया है जिससे खरीदारी करने आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है , कई सब्जी व्यवसायियों द्वारा यहां पर नाली में ही अतिक्रमण कर दिया गया है जिसे हटाने की कार्यवाही आज जेसीबी के माध्यम से की गई है!

जनसंपर्क अधिकारी